संवेदनशील होकर स्वास्थ्य सेवाओं को दें सर्वाधिक प्राथमिकता : जिला कलक्टर

- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को लेकर जिला कलक्टर ने ली बैठक
- विस्तारपूर्वक समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

कोटपूतली। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करवाने के प्रस्ताव भिजवाए ताकि अभियान का उद्देश्य साकार हो सके। उन्होंने इस हेतु क्षेत्र में सभी संबंधित स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने सम्बन्धी प्रस्ताव के लिए निर्धारित सूचकांकों के अनुसार जिला स्तर पर रिपोर्टिंग करने के लिए निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव बढ़ाने और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिए गए, जिससे कि जिला स्तरीय अस्पताल पर भार कम हो और प्रसूता को अधिक दूरी तय कर परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों पर मौसमी बीमारियों एवं हीट वेव को देखते हुए आगामी कार्ययोजना बनाने एवं मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु एंटी लार्वा गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर अभियान की प्रगति समीक्षा की एवं जिले की समस्त पीएचसी व सीएचसी में आवश्यक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए. उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण करते हुए परिवादियों को राहत पहुंचाने को कहा. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में किसी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए बेहतर चिकित्सक सुविधाएं उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले मरीजों एवं उनके परिवारजनों से मृदुल व्यवहार करते हुए सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी देंवे एवं उनसे लाभान्वित करने का कार्य करें।

उन्होंने सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चिकित्सा संस्थाओं में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें, संबंधित को नियमित सफाई हेतु पाबंद करें। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत द्वारा सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने हेतु सर्वे कार्य प्रारम्भ करने एवं टीबी मरीजों को दी जाने वाली सहायता राशि को शत प्रतिशत ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए। अब तक 84 ग्राम पंचायत के प्रस्ताव भिजवाए गए है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया द्वारा ओपीडी में आने वाले तीन प्रतिशत मरीजों की टीबी की स्क्रीनिंग कर रोगियों का पूर्ण उपचार करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि उपचार के पश्चात विहित समय पर फॉलोअप भी करें।

डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण कर योजनाओं के बारे में बताया तथा चिकित्सा संस्थानों द्वारा गर्भवती महिलाओं की आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक निःशुल्क सोनोग्राफी करने हेतु वाउचर काटने के बारे में अवगत भी करवाया। उन्होंने बताया कि मां वाउचर योजना के अन्तर्गत प्रत्येक माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के दिन संस्था पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की निरूशुल्क सोनोग्राफी करवाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक वाउचर देने के प्रयास किए जाते है।

अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

आरोपी को गिरफ्तार किया

दूदू । निकटवर्ती मोखमपुरा थाने की पुलिस ने गत पांच दिनों पूर्व मारपीट कर ट्रैक्टर ट्रॉली एवं 31000 नगद लूट कर ले जाने के दर्द प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर ली गई है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा ने बताया कि 5 मार्च को पुलिस थाना मोखमपुरा मैं परिवादी हीरालाल रेगर ने मामला दर्ज कराया की 4 मार्च को ट्रैक्टर खाली कर घर जा रहा था इस दौरान महला पुलिया के पास एक बोलेरो में सवार कुछ नाम जब लोगों ने ट्रैक्टर रोककर मेरे साथ मारपीट की तथा जेब में रखें 31000 रुपए नगद एम ट्रैक्टर ट्राली लूट कर भाग छूटे घटना की दर्ज रिपोर्ट के बाद उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना उपनिरीक्षक संजय प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर आरोपी सीताराम गरेड को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर ली गई आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

Public Notice It is informed to the general public that documents provided my client Aditya Mathur regarding will generated by Mr. G.C. Nebhani owner of the property house No. A-25, Ram Nagar, Jaipur. As per the record there are two will executed by Mr. G.C Nebhani in which last will infavour of the Smt. Sushila Nebhani The original will under the possession of other person and possession holder of the will wants to sell out the part of the said plot no A-25, Ram Nagar, Jaipur. That Mr. G Nebhani passed away on dated 13.0.3.2014 after the Death of Mr.G C Nebhani, Mr. Arjun Nebhani and my client, both claiming the ownership of the said plot. In the light of the above facts, legal issues and supporting documents it is informed to general public that no body shall purchased the plot No. A-25 as a whole or part of the said plot if any body purchased than individual will responsible for the loss of money.
Jaipur (Ashwani Sharma) Advocate
Date 06/03/2025 Mob.: 9414784294

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सूचना श्री मनमोहन लाल गुप्ता पुत्र स्व.श्री गोकुल नारायण जी निवासी 71 ए चंद्र कला कॉलोनी फार्थ ऐवेंयू दुर्गापुरा जयपुर का देहावसान दिनांक 24.9.2024 को हो गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी श्रीमति कांता देवी एवं पुत्र दीपक गुप्ता हैं, जो कि उनके विधिक उत्तराधिकारी हैं। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन में मोबाईल सं. 9828055211 पर दर्ज करावें।
दीपक गुप्ता, एडवोकेट
मो.-9828055211

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रवि बंसल पुत्र के.एल. बंसल निवासी 177, जनकपुरी द्वितीय टोंक फाटक जयपुर के स्वामित्व की भूमि ख० नं० 137/2 रकबा 0.86 है। जो वाके ग्राम बाढ स्मजानीपुरा तहसील चाकसू जिला जयपुर में स्थित है उक्त भूमि में मेरे अभिभाष्य ने विकसीत आवासीय योजना श्रीराम एनकलेव विस्तार सैक्टर 50, जगतपुरा जयपुर के कुछ भूखण्डों के मूल दस्तावेज स्लेन्क (खाली) फाईलें, पट्टे, पजेशन लेटर आदि खो गये है जिनके साथ ही मेरे अभिभाष्य के मतदाता पहचान पत्र भी खो गया है ऐसी स्थिति में उक्त दस्तावेजों का किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है इस कारण कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त योजना के भूखण्डों के संबंध में किसी कार का कोई संव्यहार करने से पूर्व मेरे अभिभाष्य से सम्पर्क कर उकत खोये हुए दस्तावेजों के संबंध में संतुष्टी कर लेवे अन्यथा उक्त खोये हुए दस्तावेजात के आधार उक्त योजना के उक्त भूखण्डों के संबंध में किसी कार का कोई संव्यवहार करते है तो यह संव्यवहार मेरे अभिभाष्य के अधिकारों के मुकाबले शून्य होंगे तथा उकत योजना के भूखण्डों के संबंध में कोई स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार का कोई विधिक मूल्य नहीं होगा अतः सूचित रहें।भवदीय, श्रवण लाल शर्मा, एडवोकेट 9784705304

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री गुलाब राय चंदनानी आयु 66 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री मूलचंद चंदनानी जाति सिन्धी निवासी प्लॉट नंबर 112-ए, "स्नेह" सिन्धी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर-राजस्थान (आधार नंबर 9685 7579 1343) द्वारा एक आवासीय प्लॉट 131, सिंधी कॉलोनी, बनीपार्क योजना, जयपुर जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 60 फीट व उत्तर से दक्षिण 90 फीट 6 इंच है, कुल क्षेत्रफल 603.33 वर्गगज को दिनांक 5 नवम्बर, 2024 को श्रीमती रेशमा अशोक ठाकुरवानी पत्नी श्री अशोक कुमार ठाकुरवानी आयु 58 वर्ष, जाति सिंधी निवासी लक्ष्मी निवास, 131, सिंधी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर-राज0 (आधार नंबर 839921669362) बहैसियत मुख्त्यार आम श्री अशोक कुमार ठाकुरवानी पुत्र श्री चेलाराम ठाकुरवानी निवासी लक्ष्मी निवास, 131, सिंधी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर-राज0 (मो. नंबर 9799956444) से खरीद करने का इकरार किया है जिसका विक्रय पंजीयन करवाया जाना है। यदि किसी सर्व साधारण, संस्था, बैंक, फाइनेंस कम्पनी अथवा अन्य किसी व्यक्ति का उक्त वर्णित प्लॉट के संबंध मे किसी प्रकार का कोई हित, भार या स्वामित्व संबंधी कोई आपत्ति हो तो गुलाबराय चंदनानी (मो. 9829084376) को उक्त आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर-भीतर लिखित मे मय दस्तावेज़ अपनी आपत्ति दर्ज करवावें, बाद गुजरने मियाद यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति, वाद विवाद किया जाता है या पाया जाता है तो ऐसा वाद विवाद अथवा आपत्ति मेरे अभिभाष्य के मुकाबले बेअसर, शून्य व अवैध होगी। सूचित रहें।
(लोकेश गौड) एडवोकेट मो.-7737238783

खोया पाया

मेरे मकान नम्बर- 61/223, सैक्टर-6, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का डिक्लेरेशन लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें-धर्मेश श्रीवास्तव-9810066173

मेरे मकान नम्बर-105/158 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें मंजू लता 9214094701

I have lost document of my Society Paper of Jaipur Balmiki Grahnirman Sahkari Samiti Limited Jaipur (Registration No-2511/L, Sr No-6112) If found please inform Santosh Devi W/o Suresh Kumar R/o-4/93, Keshri Chand Choudhary Nagar, Ajmer Road, Jaipur. 9461777480

नाम परिवर्तन

मै श्रंगारी बैरवा पत्नी श्री सुरज्ञान बैरवा, उम्र 80 साल , निवासी- सलावद, सलावद, करौली -322215 की रहने वाली हूँ। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सिंगारी देवी है जो सही है तथा भविष्य में मुझे सिंगारी देवी के नाम से ही जाना जाये।

मैं, पुनीत सिंह पुत्र श्री रामअवतार सिंह निवासी 111, बसंत विहार, बजरी मंडी मार्ग, पांच्यावाला, जयपुर। मैंने अपना नाम पुनीत सिंह तंवर से बदलकर पुनीत सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।

I army no 2875625K Ex NK Ummed singh S/O shrawan singh R/O village rasliyas chawandiyas kalan riyan badi rasaliyawas district nagaur that have changed my son name from SHIVRAJ SINGH is wrong entered in service record To SHIVRAJ SINGH RATHORE vide affidavit dated 10 march 2025 before district notary Jaipur

'सिटीजन यूडीएच पोर्टल' पर प्लान लॉन्च

अलवर । नगर विकास न्यास अलवर ने शहरी प्रशासन और नागरिक सेवाओं को डिजिटल रूप में सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत 'सिटीजन यूडीएच पोर्टल' पर अलवर शहर का मास्टर प्लान लॉन्च किया है। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि यह पोर्टल राज्य के एकीकृत जीआईएस सिस्टम 'राजधरा' का उपयोग करके नागरिकों को भू-उपयोग (लैण्ड यूज) की जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि अब अलवर शहर के निवासी मास्टर डवलपमेंट प्लान-2031 के अनुसार किसी भी स्थान के भू-उपयोग की जानकारी यूआईटी की वेबसाइट पर जाकर डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकेंगे, जिसमें मास्टर प्लान के भू-उपयोग, खसरों की स्थिति, क्षेत्रफल, गूगल लोकेशन इत्यादि की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। जिसमें नागरिकों को न्यास कार्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने होंगे।

कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर पार्टी को मजबूत करेंगे'

- कांग्रेस कमेटी प्रदेशध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संजीव बारेठ को जिला पाली की विधानसभा मारवाड़ जंक्शन का संभाग समन्वयक नियुक्त कर ग्राउंड लेवल पर नई ऊर्जा के साथ कार्यकर्ता तैयार करने सौंपी जिम्मेदारी

किशनगढ़ बास। कांग्रेस कमेटी प्रदेशध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किशनगढ़ बास के संजीव सिंह बारेठ को जिला पाली की विधानसभा मेवाड़ जंक्शन का संभाग समन्वयक नियुक्त किया है। संजीव सिंह बारेठ जिला अलवर कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता हैं और पार्टी के अनेक पदों पर रहते हुए दायित्व निर्वाह कर चुके हैं। बारेठ को जिला पाली की विधानसभा मारवाड़ जंक्शन का संभाग समन्वयक नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

बारेठ ने अपने निवास पर प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस कमेटी प्रदेशध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, असम प्रभारी व अखिल कांग्रेस कमेटी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे जिला पाली की विधानसभा मारवाड़ जंक्शन का संभाग समन्वयक नियुक्त कर दायित्व सोपा गया है उसे वह पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा करने के लिए मंगलवार को मारवाड़ जंक्शन के लिए रवाना होंगे।

उन्होंने कहा प्रदेश मे काग्रेस को ग्राउण्ड लेबल से लेकर उच्च स्तर पर पुनर्गठित कर कार्यकर्ताओं में नई उर्जा भरने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राजस्थान की सभी विधानसभाओं में संभाग समन्वयक नियुक्त कर भेजा गया है। उसी के अन्तर्गत वार्ड , ब्लॉक स्तर पर कवायद चालू है। जिससे आगामी होने वाले नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिल और सभी जगहों पर कांग्रेस का बोर्ड बने।

संजीव बारेठ कांग्रेस वरिष्ठ नेता पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित व किशनगढ़ बास पंचायत समिति में लम्बे समय तक प्रधान रहे सूर्यदेव सिंह बारेठ के पुत्र हैं। संजीव बारेठ किशनगढ़ बास पंचायत समिति की ग्राम पंचायत माहूद के सरपंच भी रहे हैं। साथ में कांग्रेस यूथ की जिले की कमान को संभाल चुके हैं। इसके अलावा विधानसभा प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली के बेहद करीबी मित्र है। संजीव बारेठ की पत्नी तपस्या बारेठ पंचायत समिति की सदस्य रह चुकी है तथा मां नंदा देवी बारेठ किशनगढ़ बास पंचायत समिति की प्रधान रही है।

उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

फुलेरा। कस्बे में निजी स्कूल संचालकों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के पदाधिकारियों ने ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से स्कूल संचालकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान के लिए आग्रह किया गया हैस्कूलों के द्वारा जिस सत्र में अध्यापन कार्य होता है। उसी सत्र में आरटीई पुनर्भरण भुगतान किया जाना चाहिए ,जो पूर्व निर्धारित भी है, उसे लागू करें और आरटीई पुनर्भरण की यूनिट कॉस्ट के अनुसार संबंधित सत्र में ही बिल बन जाने चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, हरजीत सिंह, अजय वीर सिंह, मोहन दास स्वामी, सुनील वर्मा, राधेश्याम कुमावत, विनोद प्रजापति, मूलचन्द गर्वा, हेमन्त गहलोत, दिलीप सुरोलिया, श्रवण लाल, गजानन देवन्दा, कमलेश कुमावत, राजेन्द्र सिंह चूला, दीपक शर्मा, अरविंद महरड़ा, राजेश कचावटिया, पीयूष राज, उस्मान सहित तहसील से विभिन्न स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

अग्रवाल जैन मंदिर में गाजे बाजे से मण्डल विधान की पूजा अर्चना की

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति, सुबोध मति एवं विशेषमति माताजी के सानिध्य मे अष्टानिका महापर्व के चलते नंदीश्वरदीप 52 जिनालियों की जिनार्चना की गई जिसमें सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर एवं अग्रवाल जैन मंदिर पर संगीतमय गाजे बाजे से मण्डल विधान की पूजा अर्चना की गई। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि विधान की शुरुआत श्रुतमति माताजी व सुबोधमति माताजी के सानिध्य में व विधानाचार्य अशोक जैन के निर्देशन में सामूहिक अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधानाचार्य द्वारा अनुष्ठान में भूमि शुद्धि, देव आज्ञा के साथ पांच मंगल कलश की स्थापना की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने नव देवता पूजा, देव शास्त्र और आर्यिका आदिमति माताजी की पूजा के साथ नन्दीश्वर दीप की धूमधाम से पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि विधान मण्डल में पूजार्थियो ने सिद्ध चक्र एवं नन्दीश्वर दीप एवं सिद्धों की आराधना करके श्रद्धालुओं ने मण्डप पर 24 श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए। उन्होंने बताया कि अष्टान्हिका महापर्व में 8 दिवसीय में नंदीश्वरदीप एवं सिद्धों की आराधना की जाएगी।

नन्दीश्वर दीप एवं सिद्ध चक्र समवशरण अनुष्ठान में पूजा अर्चना करवाते हुए माताजी।

प्रगति को लेकर जिला कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

टोंक। केंद्र सरकार के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिले के पीपलू ब्लॉक में सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार बिंदुओं में प्रगति को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. जितेंद्र शर्मा को गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, हाइपरटेंशन (बीपी), शुगर की स्क्रीनिंग को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए, उन्होंने ब्लॉक पीपलू में क्षतिग्रस्त चिकित्सा भवनों के मरम्मत के प्रस्ताव विभाग को भिजवाने के लिए निर्देशित किया। टीबी के रोगियों की देखभाल एवं डाटा को लेकर जिला क्षय अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका को पीएम आवास योजना एवं एसीईओ ललित कुमार से महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को जोड़ने को लेकर दिए गए आवंटित लक्ष्यों को पूरा करने की बात कही। वोकल फॉर लोकल के तहत स्थानीय स्तर पर उत्पाद के निर्माण की तैयारियों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के सीडीईओ सुशीला करनानी से कहा कि बालिकाओं के लिए विद्यालयों में क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित हो। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा से पशुधन की देखभाल, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। ब्लॉक में भूजल स्तर की स्थिति एवं निकासी को लेकर भूजल विभाग से आए कार्मिक ने बताया कि विगत एक वर्ष में भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुई है लेकिन ग्राउंड वाटर की निकासी भी बढ़ी है।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने का मामला

- अधिवक्ताओं की पेन डाउन हड़ताल व क्रमिक अनशन 28 वें दिन भी रहा जारी
- धरना स्थल पर भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

कोटपूतली। कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में मंगलवार को लगातार 28 वें दिन भी बदस्तुर जारी रही।

वहीं विगत 16 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल मंगलवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में चेतराम रावत, योगेश सैनी, राकेश शर्मा, अजय रोहिला व मुकेश यादव आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। विगत 28 दिनों से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में लगभग 20 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस मौके पर न्यायालय परिसर में धरना स्थल पर यादव महासभा समिति के अध्यक्ष रामौतार यादव गुरूजी के नेतृत्व में किशन लाल गुरूजी, शेरसिंह यादव, हनुमान यादव, एड. समर यादव, एड. भोजराज यादव व एड. किशन यादव आदि कार्यकारिणी सदस्यों ने डीजे कोर्ट खुलवाये जाने की मांग को समर्थन देते हुये अपना समर्थन पत्र संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर को सौंपा। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। वहीं दुसरी ओर धरना स्थल पर मंगलवार को स्वतंत्र पत्रकार आनन्द पण्डित व टीम द्वारा भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जहाँ अधिवक्ताओं ने बालाजी महाराज से कोटपूतली में डीजे कोर्ट स्थापना का आर्शीवाद मांगा। श्री हनुमान जी भक्ति, शक्ति व न्याय के देवता है। वे कोटपूतलीवासियों की प्रार्थना को जरूर स्वीकार करेगें।

उन्होंने कहा कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी।

धरना स्थल पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन करते अधिवक्ता।

आनन्द शर्मा विप्र जिलाध्यक्ष नियुक्त

कोटपूतली। विप्र महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज ने संस्थापक सुनील उदेईया के निर्देशानुसार कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी आनंद कुमार पुत्र शिवकुमार शर्मा को संगठन का कोटपूतली-बहरोड़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर सुमित, मनोज पायला, भोजराज पायला आदि ने शुभकामनायें प्रेषित की।

कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम हैरिटेज जयपुर
(चौगान स्टेडियम के पास, गणगौरी बाजार, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com Ph. No. 0141-2329953
क्रमांकः-F51() Dept/Comm./H.M.A.Z./2024-25/2001
आपत्ति सूचना दिनांकः- 11.3.25
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. टीकम चन्द रतवानी निवासी मकान नं. 1-ए व 2-ए राजामल का तालाब नगर परिषद कॉलोनी जयपुर का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया गया है।
उक्त सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ सरकारी/ गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करें। मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम हैरिटेज जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल फर्द्दम अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी 63-ए पंजाबी कॉलोनी, अमरूदो का बाग, बांस बदनपुरा, जयपुर का पुत्र मोहम्मद साहिल आयु 26 वर्ष उनके कहे मे नही है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहा है और गलत लोगो की संगत मे है, मेरे मुवक्किल का पुत्र आए दिन मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यो के साथ बदसलूकी व झगडा करता है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने उक्त पुत्र मोहम्मद साहिल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है जो अब अन्यत्र निवास कर रहा है, जो कोई व्यक्ति मोहम्मद साहिल से किसी भी तरह का सनव्यवहार व लेन-देन करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे। (फारूक अहमद)
दिनांक-11.03.2025 एडवोकेट, मो.-9829877089

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण गिरीराज प्रसाद अग्रवाल पुत्र श्री गोर्धन दास अग्रवाल, रचिता अग्रवाल पत्नी श्री अभिषेक अग्रवाल व अभिषेक अग्रवाल पुत्र श्री गिरीराज प्रसाद अग्रवाल द्वारा जुगराज जैन व सुरेश जैन पुत्रान् स्व श्री खेतमल जैन से उनके स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट नम्बर 51, आवासीय योजना संग्राम कॉलोनी, हिग्गी हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 646 वर्गगज है को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-11.03.2025 मो.नं. 9829256466

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांकःF-52/DC/KPZ/2025/4553
दिनांकः11/3/2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उम्मेद सिंह राणावत पुत्र स्व श्री सूरजभान सिंह राणावत ने मकान नं. 175-178, किशोर निवास, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर का 69-क, के तहत आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजों की फ़ोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 33.22 वर्गगज का 69-क के तहत पट्टा चाहा है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः 6947 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 11.03.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 86/27 (HIG), GF (एरिया 138.834 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री आर. वेंकटेश्वरन पुत्र श्री टी. रामाकृष्णान को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1117 दिनांक 27.07.2000 को जारी किया गया। श्री किशोर अधिकारी पुत्र श्री घण्डीचरन अधिकारी के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2346 दिनांक 20.03.2004 के द्वारा किया गया। श्री किशोर अधिकारी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 23.03.2004 को उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री किशोर अधिकारी की मृत्यु दिनांक 11.09.2019 को हो जाने के कारण इनके उत्तराधिकारी श्रीमती सोमा किशोर अधिकारी पत्नी स्व. श्री किशोर अधिकारी एवं श्री सुभो सुन्दर किशोर अधिकारी पुत्र स्व. श्री किशोर अधिकारी द्वारा उक्त आवास को स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती सोमा किशोर अधिकारी पत्नी स्व. श्री किशोर अधिकारी एवं श्री सुभो सुन्दर किशोर अधिकारी पुत्र स्व. श्री किशोर अधिकारी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, रा.आ. मण्डल, जयपुर

न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, करौली
साबित्री देवी बनाम हरखास आम
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम 1925
मुकदमा नम्बर 04/25 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. सावित्री पत्नि स्व. नथुआ आयु साल जाति ब्राहमण निवासी भिण्डपुरा (कोडर) तहसील व जिला करौली 2. कृष्णा पुत्री स्व. नथुआ पत्नि घनश्याम जाति ब्राहमण निवासी भिण्डपुरा (कोडर) तहसील व जिला करौली हाल निवासी 42 ए टोकरोड सीतापुरा पुलिया के पास, गोविन्द बिहार सांगानेर जयपुर 3. ललिता पुत्री स्व. नथुआ पत्नि हेमराम जाति ब्राहमण निवासी भिण्डपुरा (कोडर) तहसील व जिला करौली हाल निवासी धौरेटा तहसील मंडरायल 4. रविन्द्र पुत्र स्व. नथुआ जाति